1 & 2

# Teacher's Manual


Book-1 ...02

Book-2 ...18


FLYING BOOKS

# व्याकरण मंथन

हिंदी व्याकरण की पाठ्य पुस्तक



• संजय आत्रेय

• उमा शर्मा


Get our e-book on Your Android App

DIGITAL BOOK

With Activity Sheets




- रचनात्मक प्रस्तुतीकरण
- उच्च बौद्धिक स्तर
- सृजनात्मक गतिविधियों का प्रयोग
- मनोरंजक क्रियाकलापों का समावेश

# हिन्दी व्याकरण-1

## 1 भाषा एवं व्याकरण

खंड 'क' : व्याकरण

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) बोलकर या लिखकर विचारों के आदान-प्रदान करने को भाषा कहते हैं।

(ख) **लिखित भाषा व कथित भाषा में अंतर**

भाषा का वह रूप; जिसमें व्यक्ति अपने मन के विचार दूसरों को बोलकर समझाता है व दूसरों के विचार सुनकर समझता है, उसे मौखिक या कथित भाषा कहते हैं; जैसे–बातचीत करना, भाषण देना, उपदेश देना आदि। तथा भाषा का वह रूप; जिसमें व्यक्ति लिखकर अपने मन के विचार दूसरों तक पहुँचाता है तथा पढ़कर दूसरों के विचार समझता है, उसे लिखित भाषा कहते हैं; जैसे–पत्र लिखना, आत्मकथा लिखना, लेख लिखना आदि।

(ग) जिस शास्त्र के द्वारा किसी भाषा के शुद्ध रूप को लिखने तथा बोलने का ज्ञान होता है, वह व्याकरण कहलाता है।

व्याकरण के मुख्यतः तीन भाग हैं–1. वर्ण अथवा अक्षर 2. शब्द 3. वाक्य।

(घ) **शब्द**–दो अथवा दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को 'शब्द' कहते हैं; जैसे–हाथी, अध्यापक, फल, शंकर, मंदिर आदि।

(ङ) **वाक्य**–शब्दों का वह क्रमबद्ध समूह जिसका कोई स्पष्ट अर्थ हो, 'वाक्य' कहलाता है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) मौखिक भाषा को **कथित** भाषा भी कहते हैं।

(ख व्याकरण के **तीन** भाग होते हैं।

(ग) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को **शब्द** कहते हैं।

(घ) **वर्ण** भाषा के सबसे छोटे भाग हैं।

(ङ) व्याकरण तथा **भाषा** का आपस में बहुत गहरा संबंध है।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✗)

**4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) घोड़ा घास खाता है। (ख) लड़की पढ़ती है।

(ग) रवि जल पीता है। (घ) गाय दूध देती है।

**5. निम्नलिखित चित्रों को देखकर लिखिए कि इनमें मौखिक भाषा का प्रयोग हो रहा है या लिखित भाषा का–**

**उत्तर–** (क)




लिखित भाषा

(ख)



लिखित भाषा


(ग)




मौखिक भाषा

(घ) 


मौखिक भाषा

(ङ) 

मौखिक भाषा

(च) 


लिखित भाषा

(छ) 

मौखिक भाषा

(ज) 

लिखित भाषा

(झ) 

मौखिक भाषा

## 2 वर्ण

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिस मूल ध्वनि के टुकड़े न किए जा सकें, उसे 'वर्ण' कहते हैं।

(ख) वर्ण दो प्रकार के होते हैं–1. स्वर तथा 2. व्यंजन।

(ग) वे वर्ण जो स्वर ध्वनि की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिंदी में व्यंजनों की संख्या तैंतीस हैं।

(घ) एक से अधिक व्यंजनों के आपस में जुड़कर बने वर्णों को 'संयुक्त व्यंजन' कहते हैं; जैसे–

- क्ष = क् + ष; पक्ष, कक्षा
- त्र = त् + र; = पत्र, त्रिशूल
- ज्ञ = ज् + ञ; ज्ञात, ज्ञान
- श्र = श् + र; = श्रद्धा, श्रमिक।

**2. नीचे दी गई ध्वनियों को जोड़कर नया शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** म् + आ + ल् + आ = **माला**

ज् + आ + ल् + अ = **जाल**

म् + ए + ल् + आ = **मेला**

फ् + ऊ + ल् + अ = **फूल**

**3. नीचे दिए गए शब्दों में बिंदु ( ं ) अथवा चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सकट = **संकट** (ख) मडप = **मंडप** (ग) बासुरी = **बाँसुरी**

(घ) साप = **साँप** (ङ) जगल = **जंगल** (च) माद = **माँद**

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) 'ङ' व 'ढ़' **अतिरिक्त** व्यंजन कहलाते हैं।

(ख स्वरों की संख्या **ग्यारह** है।

(ग) स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्णों को **व्यंजन** कहते हैं।

(घ) चंद्रबिंदु को **अनुनासिक** भी कहते हैं।

## 3 स्वरों की मात्राएँ

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द-निर्माण हेतु व्यंजन के बाद आने वाले स्वर को मात्रा कहते हैं।

(ख)

| **स्वर** | **मात्रा** |
| --- | --- |
| अ | (अ का कोई मात्रा-चिह्न नहीं होता) |

| | |
|---|---|
| आ | ा |
| इ | ि |
| ई | ी |
| उ | ु |
| ऊ | ू |
| ऋ | ृ |
| ए | े |
| ऐ | ै |
| ओ | ो |
| औ | ौ |

(ग) व्यंजन से पहले लगने वाली मात्रा इ ( ि ) है।

(घ) व्यंजनों के ऊपर लगने वाली मात्राएँ ए ( े ), ऐ ( ै ) है।

**2. निम्नलिखित वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) क् + आ + न् + अ = **कान** (ख) ह् + आ + थ् + ई = **हाथी**

(ग) फ् + ऊ + ल् + अ = **फूल** (घ) क् + इ + ल् + आ = **किला**

(ङ) क् + ए + ल् + आ = **केला** (च) स् + उ + न् + अ = **सुन**

(छ) म् + ऐ + न् + आ = **मैना** (ज) प् + औ + ध् + आ = **पौधा**

**3. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण अलग-अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कील **क् + ई + ल् + अ**

(ख) सुमन **स् + उ + म् + अ + न् + अ**

(ग) नौका **न् + औ + क् + आ** (घ) भालू **भ् + आ + ल् + ऊ**

(ङ) ताल **त् + आ + ल् + अ** (च) ठेला **ठ् + ए + ल् + आ**

(छ) चिड़िया **च् + इ + ड़् + इ + य् + आ**

(ज) थैला **थ् + ऐ + ल् + आ** (झ) लीची **ल् + ई + च् + ई**

(ञ) लोटा **ल् + ओ + ट् + आ**

(ट) मछली **म् + अ + छ् + अ + ल् + ई**

(ठ) हिरन **ह् + इ + र् + अ + न् + अ**

**4. बॉक्स में दिए गए शब्दों की सहायता लीजिए तथा रिक्त स्थानों में सही मात्राएँ भरकर नए शब्द बनाइए।**

**उत्तर–** (क) मज **मेज** (ख) त न **तीन** (ग) प न **पानी**

(घ) च ड़य **चिड़िया** (ङ) सर ज **सरोज** (च) म त **मोती**

(छ) प यल **पायल** (ज) ध ख **धोखा**

## 4 शब्द और वाक्य

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों के ऐसे मेल को शब्द कहते हैं, जिसका कोई अर्थ हो।

(ख) वे शब्द जिनका कोई अर्थ हो तथा जो स्वतंत्र रूप से प्रयोग किए जाते हैं, सार्थक शब्द कहलाते हैं; जैसे–खाना, पानी, चाय आदि।

(ग) शब्दों के मेल से वाक्य बनता है अर्थात् शब्दों के जिस समूह से पूरी बात समझ में आ जाए उसे वाक्य कहा जाता है।

(घ) यदि शब्दों के मेल का कोई अर्थ न हो, तो उसे वाक्य नहीं कहा जा सकता; जैसे–

1. बिल्ली चूहा ने पकड़ा। (कोई अर्थ नहीं)
2. पहना कोट ने रवि। (कोई अर्थ नहीं)

उपर्युक्त शब्द-समूहों से बात समझ में नहीं आ रही है, इसलिए ये वाक्य नहीं कहे जा सकते हैं। इन्हें वाक्य बनाने के लिए इस प्रकार लिखा जाना चाहिए–1. बिल्ली ने चूहा पकड़ा। 2. रवि ने कोट पहना।

(ङ) **शब्द और वाक्य में निम्न अंतर हैं–शब्द**–वर्णों के ऐसे मेल को 'शब्द' कहते हैं, जिसका कोई अर्थ हो; जैसे–कमल, किताब आदि।

**वाक्य**–शब्दों के मेल से वाक्य बनता है अर्थात् शब्दों के जिस समूह से पूरी बात समझ में आ जाए उसे 'वाक्य' कहते हैं; जैसे–माँ खाना बना रही हैं। मोहन घर में आया आदि।

(च) पाँच निरर्थक शब्द इस प्रकार हैं–वोटी, विताब, वंखा, वाना, वाय आदि।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों को मिलाकर **शब्द** बनाया जाता है।

(ख) कलम **लिखने** की वस्तु है।

(ग) वाय, वोटी, वंखा **निरर्थक** शब्द हैं।

(घ) जिन शब्द-समूहों से बात समझ न आए, वे शब्द-समूह **वाक्य** नहीं कहे जा सकते।

(ङ) शब्द बनाने के लिए **वर्णों** को सही क्रम में रखना बहुत आवश्यक है।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✓) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✓) (ङ) (✗)

**4. निम्नांकित चित्रों को देखकर शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **घर** (ख) **शेर** (ग) **तितली**

(घ) **कलम** (ङ) **कमल** (च) **बिल्ली**

**5. नीचे दिए गए गोले में से सार्थक शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** मेज फूल शुभ आम भाला

**6. उचित सार्थक तथा निरर्थक शब्दों को मिलाइए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| (क) दूध | (i) वैला |
| (ख) पुस्तक | (ii) वलम |
| (ग) कैंची | (iii) वेज |
| (घ) मेज | (iv) वुस्तक |
| (ङ) कलम | (v) वैंची |
| (च) थैला | (vi) वूध |

7. **निम्नांकित चित्रों को देखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) महिला खाना बना रही है।
(ख) बच्चे विद्यालय जा रहे हैं।
(ग) बिल्ली दौड़ रही है।
(घ) बच्चे पढ़ रहे हैं।
(ङ) लड़का हॉकी खेल रहा है।
(च) महिला मंदिर जा रही है।

## 5 संज्ञा

### प्रश्न-अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं; जैसे–राम, गेंद, बगीचा, आदि।
(ख) विद्यालय, हरिद्वार, मैदान, बस अड्डा।

2. **बॉक्स में दिए गए संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) पेड़ पर मीठे **फल** लगे हुए हैं।
(ख) मेरा नाम **राहुल** है।
(ग) सरोवर में **कमल** खिला हुआ था।
(घ) मेरा **विद्यालय** घर से बहुत दूर है।
(ङ) **ईमानदारी** का सभी आदर करते हैं।
(च) मेज **लकड़ी** से बनी है।


3. **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला खींचिए–**


**उत्तर–** (क) घोड़ा घास खाता है।
(ख) सीमा घर जाती है।
(ग) गंगा पवित्र नदी है।
(घ) दिल्ली भारत की राजधानी है।
(ङ) ताजमहल एक प्रसिद्ध इमारत है।

4. **निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द पर (✓) लगाइए–**

**उत्तर–** (क) किताब (कागज/लोहे) से बनती है।
(ख) अलमारी (लोहे/कपड़े) से बनती है।
(ग) गेंद का निर्माण (प्लास्टिक/कागज) से होता है।
(घ) कमीज (कपड़े/प्लास्टिक) से बनती है।
(ङ) पेंसिल (लकड़ी/चमड़े) से बनती है।

5. **नीचे दिए गए फलों के नाम लिखिए–**

**उत्तर–** (क)

अंगूर

(ख)

केला

(ग)


सेब

(घ)

तरबूज

**6. शरीर के अंगों के नाम लिखिए–**

**उत्तर–**




**7. लिखिए–**

**उत्तर–** (क) महेश, सुरेश (ख) बस, मेज, छतरी
(ग) गाय, भैंस, घोड़ा, बैल (घ) कौआ, कबूतर, चिड़िया
(ङ) बैंगन, गाजर

## 6 लिंग

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) पुरुष अथवा स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को लिंग कहते हैं।
(ख) लिंग के दो भेद होते हैं–1. पुल्लिग 2. स्त्रीलिंग।
(ग) पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिग कहलाते हैं; जैसे–लड़का, पुरुष, बैल, बकरा आदि।
(घ) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे–लड़की, स्त्री, गाय, बकरी आदि।

**2. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पिता | **माता** | (ख) | श्रीमान | **श्रीमती** | (ग) | बकरा | **बकरी** |
| (घ) | हंस | **हंसिनी** | (ङ) | धोबी | **धोबिन** | (च) | सेठ | **सेठानी** |
| (छ) | शिष्य | **शिष्या** | (ज) | पति | **पत्नी** | (झ) | चूहा | **चुहिया** |
| (ञ) | राजा | **रानी** | (ट) | नर | **मादा** | (ठ) | वर | **वधु** |

## 7 वचन

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।
(ख) वचन के दो प्रकार होते हैं–1. एकवचन 2. बहुवचन।
(ग) वे शब्द जो एक प्राणी, वस्तु या स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें एकवचन कहते हैं; जैसे–पत्ता, घड़ी, केला तथा मेज आदि।
(घ) वे शब्द जो एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध कराते हैं, उन्हें बहुवचन कहते हैं; जैसे–तीन पत्ते, चार घड़ियाँ, छह केले, पाँच मेज आदि।

2. **बॉक्स से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **लड़का** खेल रहा है। (ख) मेरे पास चार **खिलौने** हैं।
(ग) बगीचे में सुंदर **फूल** खिले हैं। (घ) **मछलियाँ** तैर रही हैं।
(ङ) अमन **कहानी** लिख रहा है।

3. **निम्नलिखित वाक्यों को वचन बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) लड़कियाँ खेल रही है। (ख) मैदान में फूल खिला है।
(ग) शेर दौड़ रहे हैं। (घ) कमरे में पंखा लगा है।
(ङ) तोता उड़ रहा है।

## 8 कारक

### प्रश्न-अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वे शब्द जो वाक्य में आए संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया से संबंध प्रकट करते हैं, कारक कहलाते हैं।
(ख) कारक को प्रकट करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के बाद जो चिह्न (ने, को, से आदि) लगाए जाते हैं, उन्हें कारक चिह्न या परसर्ग कहा जाता है।
(ग) कारक आठ प्रकार के होते हैं–1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक 3. करण कारक 4. संप्रदान कारक 5. अपादान कारक 6. संबंध कारक 7. अधिकरण कारक 8. संबोधन कारक

2. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के कारक बताइए–**

**उत्तर–** (क) संबोधन कारक (ख) करण कारक
(ग) संप्रदान कारक (घ) संबंध कारक


3. **चित्रों के नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरिए–**

**उत्तर–** (क)



हम भारत **के** निवासी हैं।

(ख)




राहुल कमरे **में** सो रहा है।

(ग)



राम घोड़े **पर** बैठा है।

(घ)



शिकारी तीर **से** शिकार कर रहा है।

(ङ)



मोहन पेन **से** लिखता है।

(च)



मैं चित्र **में** रंग भर रहा हूँ।

4. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मोहन पत्र लिखता है। (ख) डॉक्टर से दवा लाओ।
(ग) दादाजी कमरे में सो रहे हैं। (घ) यह संदेश मोहित को पहुँचा देना।

(ङ) नमन पेड़ से गिर पड़ा।

## 9 सर्वनाम

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा शब्द के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

(ख) कुछ प्रमुख सर्वनाम शब्द इस प्रकार हैं–मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह, ये, कोई, कुछ, कौन, क्या, स्वयं, तुम्हें, अपना, किसे, जो-वह।

(ग) प्रश्न पूछने के लिए कौन और क्या सर्वनामों का प्रयोग किया जाता है।

(घ) बोलने वाला अपने लिए मैं सर्वनाम का प्रयोग करता है।

(ङ) अपने से बड़ों से तथा किसी से आदरपूर्वक बोलने में आप सर्वनाम का प्रयोग किया जाता हैं।

**2. बॉक्स से सही सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) उसका नाम प्रिया है। **वह** मेरी सहेली है।

(ख) **मैंने** मिठाई नहीं खाई। (ग) **वे** शोर नहीं मचा रहे हैं।

(घ) रवि ने **यह** किताब नहीं पढ़ी है। (ङ) **कोई** हँस रहा है।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✓) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✗) (ङ) (✗)

**4. निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनामों को छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मैं (ख) तुम (ग) हम

(घ) क्या (ङ) मैंने, स्वयं, अपना (च) यह

## 10 विशेषण

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

(ख) जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, वह विशेष्य कहलाता है।

**2. निम्नलिखित विशेषणों के बाद उचित विशेष्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मीठा **सेब** (ख) बुद्धिमान **आदमी** (ग) खट्टा **संतरा**

(घ) मोटा **पेट** (ङ) छोटा **पौधा** (च) पतला **बच्चा**

(छ) ठंडा **पानी** (ज) सुंदर **लड़की** (झ) गरम **चाय**

(ञ) मूर्ख **बंदर** (ट) चार **टमाटर** (ठ) नमकीन **समोसा**

(ड) लंबा **पेड़** (ढ) गहरा **कुआँ**

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक विशेषण में दीजिए–**

**उत्तर–** (क) तीन (ख) हरा (ग) पाँच

(घ) 101 (ङ) गोल (च) सफेद

**4. निम्नलिखित विशेष्यों के साथ उपयुक्त विशेषण लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **मीठा** आम (ख) **चार** लड़के (ग) **लंबा** पेड़

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (घ) **नयी** | किताब | (ङ) **सफेद** | दूध | (च) **छोटी** | मेज |
| (छ) **मोटा** | आदमी | (ज) **बड़ा** | थैला | (झ) **सुंदर** | लड़की |
| (ञ) **काला** | कौआ | (ट) **छोटा** | बच्चा | (ठ) **लाल** | फ्रॉक |

**5. सामने दिए गए विशेषणों में से उचित विशेषण चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) अंगूर **मीठे** हैं। (ख) रूमाल **मुलायम** है।
(ग) वह **कंजूस** महिला है। (घ) निधि **तीन लीटर** दूध लाई।
(ङ) सेठ **दयालु** व्यक्ति हैं। (च) **कमजोर** लड़का थककर बैठ गया।

## 11 क्रिया

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।
(ख) नहीं, क्रिया के बिना वाक्य पूरा नहीं हो सकता है।

**2. बॉक्स में से सही क्रिया शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) रश्मि खाना **खा** रही है। (ख) बच्चे गेंद से **खेल** रहे हैं।
(ग) सुमन **पढ़** रही है। (घ) धोबी कपड़े **धो** रहा है।
(ङ) माता जी बर्तन **साफ** कर रही हैं। (च) अध्यापक जी **पढ़ा** रहे हैं।
(छ) फूल **खिल** रहे हैं। (ज) पक्षी **उड़** रहे हैं।
(झ) घोड़ा **दौड़** रहा है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बच्चा सो रहा है। (ख) लोग नाच रहे हैं।
(ग) मम्मी स्वेटर बुन रही हैं। (घ) सुरभि गाना गा रही थी।
(ङ) मेरी पुस्तक खो गयी है। (च) लड़का पढ़ रहा है।
(छ) लड़की हँस रही है।

**4. निम्नलिखित क्रियाओं द्वारा वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) रोना– बच्चा **रो** रहा है।
(ख) खेलना– हम मैदान में क्रिकेट **खेल** रहे हैं।
(ग) हँसना– नेहा **हँस** रही है। (घ) नहाना– पवन **नहा** रहा है।
(ङ) धोना– माताजी कपड़े **धो** रही हैं। (च) गाना– गायिका **गाना** गा रही है।
(छ) खाना– पिताजी **खाना** खा रहे हैं। (ज) जाना– बच्चे विद्यालय **जा** रहे हैं।

## 12 काल

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के होने या करने के समय को काल कहा जाता है।
(ख) काल के तीन प्रकार होते हैं–1. वर्तमान काल 2. भूतकाल 3. भविष्यत् काल।

(ग) क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान समय (चल रहे समय) में होने का बोध होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं; जैसे–(i) बालक खेल रहा है। (ii) सोनू घर जाता है।

(घ) भविष्यत् काल के दो उदाहरण निम्न हैं–(i) सचिन मैच खेलेगा। (ii) महेंद्र कल कानपुर जाएगा।
उपर्युक्त दोनों वाक्यों में 'खेलेगा' और 'जाएगा' भविष्यत् काल की क्रियाएँ हैं।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के होने या करने के समय को **काल** कहते हैं।
(ख) बीते हुए समय को **भूतकाल** कहते हैं।
(ग) 'खेल रहा है' और 'जाता है' **वर्तमान** की क्रियाएँ हैं।
(घ) काल के **तीन** भेद होते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों के सामने उनके काल लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भूतकाल (ख) वर्तमान काल (ग) भूतकाल
(घ) भविष्यत् काल (ङ) वर्तमान काल (च) भविष्यत् काल

**4. निम्नलिखित वाक्यों को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सुरेश जा रहा है। (ख) वह तुम्हें पत्र लिखता है।
(ग) वह राजू से लड़ रहा है। (घ) सोनू गीत गा रहा है।
(ङ) नेहा गाना गा रही है।

# 13 क्रिया-विशेषण

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण कहा जाता है।
(ख) क्रिया-विशेषण के चार प्रकार होते हैं–1. कालवाचक क्रिया-विशेषण 2. स्थानवाचक क्रिया-विशेषण 3. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण 4. परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण
(ग) जिस क्रिया-विशेषण शब्द से क्रिया के होने के समय का बोध हो, उसे कालवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं।
(घ) जो क्रिया-विशेषण शब्द क्रिया के परिमाण का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण कहा जाता है; जैसे–
(क) **जितना** कहो सच कहो।
(ख) **तनिक** ठहर जाओ।
(ग) रजनी **बहुत** बोलती है।
ऊपर दिए वाक्यों में रंगीन शब्द परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण हैं।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया-विशेषणों को छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) इधर (ख) चुपचाप (ग) अभी
(घ) कम (ङ) प्रतिदिन (च) ऊपर

3. **सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗) (घ) (✗)

4. **दिए गए रिक्त स्थान उचित क्रिया-विशेषण शब्दों द्वारा भरिए–**

**उत्तर–** (क)



कृष्ण **अच्छा** नाचती है।

(ख)




रमेश **जल्दी-जल्दी** मत चलो।

(ग)



बोतल में **थोड़ा** दूध है।

(घ)



नदी का जल **लगातार** बहता है।

5. **निम्नलिखित क्रिया-विशेषण शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) आज– **आज** मौसम साफ रहेगा।

(ख) इधर– **इधर** कौन छिपा है?

(ग) धीरे-धीरे– कछुआ **धीरे-धीरे** चलता है।

(घ) अभी– गाड़ी **अभी** आई है।

# 14 पर्यायवाची शब्द

## प्रश्न-अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

(ख) पर्यायवाची शब्दों को 'समानार्थी शब्द' के नाम से भी जाना जाता है।


2. **निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पानी | **जल, नीर, वारि** | (ख) | धरती | **भू, धरा, वसुधा** |
| (ग) | आँख | **नेत्र, लोचन, नयन** | (घ) | चंद्रमा | **राकेश, शशि, हिमांशु** |
| (ङ) | समुद्र | **जलधि, सागर, पयोधि** | (च) | राजा | **नृप, नरेश, भूपति** |

3. **निम्नांकित चित्रों को देखकर उनके तीन-तीन नाम लिखिए–**

**उत्तर–** **(क)**




कमल
सरोज
पंकज

**(ख)**



वनराज
केसरी
सिंह

**(ग)**



भानु
दिनकर
सूर्य

4. **रेखा खींचकर पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आग | गज | अमृत | कुसुम |
| पहाड़ | नीर | धरती | भुजंग |
| हाथी | पावक | फूल | सुधा |
| जल | पर्वत | साँप | भू |

# 15 विलोम शब्द

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो शब्द आपस में विपरीत अर्थ बताएँ, वे विलोम शब्द कहलाते हैं।

(ख) विलोम शब्द को 'विपरीतार्थक शब्द' भी कहा जाता है।

**2. वाक्यों में छपे रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) मेरा घर विद्यालय के समीप है, तुम्हारा घर **दूर** है।

(ख) दिन में प्रकाश होता है, और रात में **अँधेरा**।

(ग) मेरी पुस्तक नई है और श्याम की पुस्तक **पुरानी** है।

(घ) कचरे से बदबू आती है और फूल से **खुशबू**।

(ङ) फूल कोमल होता है और पत्थर **कठोर**।

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | धूप | **छाया** | (ख) | गुण | **दोष** |
| (ग) | बुराई | **भलाई** | (घ) | खरा | **खोटा** |
| (ङ) | कायर | **वीर** | (च) | आकाश | **पाताल** |
| (छ) | वरदान | **अभिशाप** | (ज) | अच्छा | **बुरा** |
| (झ) | जीत | **हार** | (ञ) | अपना | **पराया** |
| (ट) | कठिन | **सरल** | (ठ) | गरम | **ठंडा** |

**4. निम्नलिखित शब्दों का उनके विलोम शब्दों से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पास | (i) | हार | (च) | लाभ | (vi) | कम |
| (ख) | नया | (ii) | घृणा | (छ) | यश | (vii) | विष |
| (ग) | एक | (iii) | पुराना | (ज) | अपमान | (viii) | हानि |
| (घ) | प्रेम | (iv) | दूर | (झ) | अमृत | (ix) | अपयश |
| (ङ) | जीत | (v) | अनेक | (ञ) | अधिक | (x) | सम्मान |


**5. निम्नांकित चित्रों को देखकर विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) 

हँसना – **रोना**

(ख) 

सफेद – **काला**

(ग) 

रात – **दिन**

(घ) 

आधा – **पूरा**

(ङ) 

खट्टा – **मीठा**

(च) 

ऊपर – **नीचे**

**6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर उनसे वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) सुगंध = **दुर्गंध** – इस स्थान पर तो बहुत **दुर्गंध** है।

(ख) लाभ = **हानि** – उसे बिजनेस में बहुत **हानि** हुई।

(ग) एक = **अनेक** – यहाँ **अनेक** प्रकार के पेड़-पौधे है।

(घ) प्रातः = **सायं** – वह **सायं** को दिल्ली गया।

(ङ) अमृत = **विष** – यह चाय तो **विष** के समान है।
(च) प्रेम = **घृणा** – सुमन मेघा से **घृणा** करती है।
(छ) अपमान = **सम्मान** – अध्यापक ने उसका बहुत **सम्मान** किया।

## 16 शब्द-समूह के लिए एक शब्द

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्दों के समूह के लिए प्रयुक्त होने वाले एक शब्द को 'शब्द-समूह के लिए एक शब्द' कहते हैं।
(ख) शब्द-समूह के लिए एक शब्द को 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' भी कहते हैं।

**2. प्रत्येक शब्द के लिए उचित शब्द-समूह लिखिए–**

**उत्तर–** (क) आज्ञा का पालन करने वाला।
(ख) जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो।
(ग) जिसके पास बहुत धन हो। (घ) जो मरीजों का इलाज करता है।
(ङ) सप्ताह में एक बार होने वाला। (च) महीने में एक बार होने वाला।
(छ) वर्ष में एक बार होने वाला। (ज) प्रतिदिन होने वाला।

**3. निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) अवरोही (ख) अखाद्य (ग) चुगलखोर
(घ) अपव्ययी (ङ) अपरिचित (च) चिकित्सक
(छ) दैनिक

**4. प्रत्येक शब्द-समूह का उचित एक शब्द से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| (क) गाँव में रहने वाला | (i) अपशब्द |
| (ख) खेती का काम करने वाला | (ii) आस्तिक |
| (ग) न कहे जाने योग्य शब्द | (iii) ग्रामीण |
| (घ) ईश्वर को मानने वाला | (iv) शाकाहारी |
| (ङ) शाक-सब्जी खाने वाला | (v) आरोही |
| (च) ऊपर जाने वाला | (vi) किसान |
| (छ) लोहे के औजार बनाने वाला | (vii) लोहार |

## 17 मुहावरे

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित वाक्यों में आए मुहावरों के नीचे रेखा खींचिए–**

**उत्तर–** (क) रसगुल्ले को देखकर मेरे मुँह में पानी भर आया।
(ख) राम तो आजकल अक्ल का दुश्मन होता जा रहा है।
(ग) पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गया।
(घ) माँ को मनाना तो मेरे बाएँ हाथ का खेल है।
(ङ) महेश रवि को उल्लू बनाना चाहता था; पर बना नहीं सका।

**2. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए–**

**उत्तर–** (क) प्यार से मिलना। (ख) काम बनना।
(ग) बेइज्जत करना। (घ) होश आना।
(ङ) चुगली करना। (च) प्रभाव मान जाना।
(छ) खतरा उठाकर काम करना। (ज) पक्की बात।
(झ) अत्यधिक क्रोधित होना।

**3. बॉक्स से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) राहुल अपने माँ-बाप की आँखों का **तारा** है।
(ख) सुबह-से-शाम तक काम करते-करते मेरी तो कमर **टूट** गई।
(ग) राम के मकान खरीदने पर मोहन की छाती पर साँप **लोटने** लगा।
(घ) भारतीय टीम ने श्रीलंका के छक्के **छुड़ा** दिए।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वह वाक्यांश जिसका प्रयोग किसी विशेष अर्थ में होता है, मुहावरा कहलाता है।
(ख) हाँ, मुहावरे अपने शब्दों का विशेष अर्थ देते हैं।

## 18 पत्र-लेखन

**खंड 'ख' : रचना**

### प्रश्न-अभ्यास

- **निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए–**

**घर पर आमंत्रित करने के लिए मित्र को पत्र।**

**उत्तर– अपने जन्मदिन पर मित्र को निमंत्रण-पत्र**

184, सरस्वती सदन
आचार्य नगर, शाहजहाँपुर।
दिनांक : 10-09-20..............
प्रिय रोहित,
सप्रेम नमस्ते!
आशा है, तुम स्वस्थ एवं प्रसन्न होंगे। तुम्हें याद होगा कि मेरा जन्मदिन 16 सितंबर को है। तुम्हारे बिना मुझे अपने जन्मदिन पर आनंद नहीं आता।
अतः तुम माता जी तथा बहन को अपने साथ लेकर समय से पहले ही आ जाओ। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगा।
तुम्हारा प्रिय मित्र
पंकज

**अस्वस्थ होने की सूचना देने के लिए पिता को पत्र।**

**उत्तर–** राजकीय छात्रावास मेरठ
दिनांक : .........
परम पूजनीय पिताजी
सादर चरण स्पर्श।

आदरणीय पिताजी सादर चरण स्पर्श कल शाम विद्यालय से लौटते समय अचानक वर्षा आ गयी थी जिसके कारण मैं भीग गया था। असमय रूप से भीगने के कारण मुझे सर्दी लग गयी थी जो रात्रि तक ज्वर में बदल गई थी। प्रातःकाल में मैंने चिकित्सक से सलाह ली और अब मेरी तबयित काफी हद तक ठीक है। शेष मिलने पर।

आपका स्नेही पुत्र

राहुल

## 19 कहानी-लेखन

### प्रश्न-अभ्यास

• **अपनी अभ्यास-पुस्तिका में अपनी पसंद की कोई कहानी लिखिए।**

**उत्तर–**

### बड़ों की बात

किसी जंगल में एक सरोवर था। उस जंगल में तीन मछलियाँ अपने-अपने परिवार के साथ रहती थीं। सबसे बड़ी मछली का नाम बड़की था। वह बहुत समझदार और शांत स्वभाव की थी। दूसरी मछली का नाम मँझली था। वह बड़ों का कहना मानने वाली थी। सबसे छोटी मछली का नाम छुटकी था। वह बड़ों का कहना नहीं मानती थी।

एक दिन बड़की ने सरोवर के किनारे कुछ मछुआरे देखे। वह तैरकर उनके पास गई और उसने उनकी बातें सुनीं। वे कह रहे थे कि इस सरोवर में बहुत मछलियाँ हैं। कल यहाँ आकर मछलियाँ पकड़ेंगे। बड़की ने यह बात मँझली और छुटकी को बताई और किसी दूसरे सरोवर में चलने को कहा। छुटकी ने बड़की की बात मानने से इंकार कर दिया और कहा–"मछुआरों की बात सुन लेने से मैं अपना घर छोड़कर कहीं नहीं जाऊँगी।"

अगले दिन प्रातःकाल बड़की और मँझली अपने-अपने परिवार के साथ दूसरे सरोवर में चली गईं। थोड़ी देर बाद मछुआरे आए और उन्होंने छुटकी और उसके परिवार की सभी मछलियों को पकड़ लिया। छुटकी की जिद के कारण उसकी व उसके परिवार की जान चली गई। यदि वह बड़की मछली का कहना मान लेती तो अपनी जान न गँवाती।

**शिक्षा**–हमें सदा अपने बड़ों का कहना मानना चाहिए।

### मूर्ख चील

एक दिन एक मेढक एक तालाब के किनारे बैठा था, तभी एक चील वहाँ आई और उसे पंजों में दबाकर उड़ गई। मेढक बहुत बुद्धिमान था इसलिए वह बिलकुल भी नहीं घबराया और उससे बोला, "चील बहन, मैं बहुत गंदा हूँ। देखो, मेरे शरीर पर कितनी मिट्टी लगी हुई है। पहले मुझे धो लो, फिर खाना, मैं बहुत स्वादिष्ट लगूँगा।" चील उसकी बातों में आ गई। वह तालाब के पास गई और उसे वहाँ रख दिया। वह तालाब से पानी लेने लगी। मेढक को मौका मिल गया और वह छलाँग लगाकर तालाब में कूद गया। चील उसे देखती रह गई।

**शिक्षा**–हमें विपत्ति के समय घबराना नहीं चाहिए।

# 20 निबंध-लेखन

**प्रश्न-अभ्यास**

- **निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए–**

**उत्तर–** **(क) होली**

होली का त्योहार सबको अच्छा लगता है। इस दिन सवेरे लोग एक-दूसरे के मुँह पर रंग व गुलाल लगाते हैं और गले मिलते हैं। बच्चे पानी और रंग भरे गुब्बारे एक-दूसरे पर डालते हैं। कई बच्चे पिचकारी का प्रयोग करते हैं। भजन-कीर्तन होते हैं। मिठाई और पकवान खाने को मिलते हैं। चारों ओर शोर होता है। सब खुश दिखाई देते हैं। स्कूलों और दफ्तरों में छुट्टी होती है। दोपहर एक बजे लोग नहाते-धोते हैं और आराम करते हैं। मुझे यह त्योहार बहुत अच्छा लगता है।

**(ख) मेरा मित्र**

मेरे कई मित्र हैं।
किंतु .................. मेरा सबसे अच्छा मित्र है1
वह .............. वर्ष का है।
उसका स्वास्थ्य उत्तम है।
उसकी आदतें अच्छी हैं।
वह प्रतिदिन स्नान करता है।
वह प्रतिदिन पूजा करता है।
वह स्वच्छ वस्त्र पहनता है।
वह चुस्त और परिश्रमी है।
वह अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करता है।
वह अपने अध्यापकों का सम्मान करता है।
वह विद्यालय के खेलों में भाग लेता है।
वह समय पर अपना काम करता है।
वह मेरा सहपाठी है।
वह प्रतिदिन अपना गृह-कार्य करता है।
वह कभी किसी से झगड़ा नहीं करता है।
वह एक आदर्श विद्यार्थी है।

**(ग) मेरा घर**

यह मेरा घर है।
यह बहुत सुंदर है।
यह यमुना विहार, दिल्ली में स्थित है।
यह खुला और हवादार है।
इसमें हम पाँच लोग रहते हैं–मैं, मेरी बहन, मेरी मम्मी-पापा और मेरी दादी।
दादी घर में सबसे बड़ी हैं।

# हिन्दी व्याकरण-2

## 1 भाषा और व्याकरण

खंड 'क' : व्याकरण

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वह माध्यम जिसके द्‌वारा हम अपने विचार या अपनी बात को दूसरों तक बोलकर या लिखकर पहुँचाते हैं तथा दूसरों की बातों को सुनकर या पढ़कर समझते हैं, भाषा कहलाती है।

(ख) भाषा के दो प्रकार होते हैं–1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा।

(ग) जब हम लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं।

(घ) मौखिक भाषा को लिखित रूप प्रदान करने के लिए 'ध्वनि-चिह्नों' या 'वर्णों' की जिस विशेष व्यवस्था की रचना की गई है उसे 'लिपि' कहते हैं। अर्थात् भाषा के ध्वनि-चिह्न जिस रूप में लिखे जाते हैं, उसे लिपि कहते हैं।

(ङ) वह शास्त्र जिससे हमें किसी भाषा को शुद्‌ध रूप से बोलने व लिखने का ज्ञान प्राप्त होता है, व्याकरण कहलाता है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) हम अपने विचारों को **भाषा** के माध्यम से दूसरों के सामने प्रकट कर सकते हैं।

(ख) **संकेतों** के माध्यम से हम सभी विचारों को स्पष्ट नहीं कर सकते।

(ग) मौखिक भाषा को लिखित रूप प्रदान करने के लिए **वर्णों** की व्यवस्था की गई है।

(घ) प्रत्येक भाषा की अपनी अलग **लिपि** होती है।

(ङ) भाषा के नियमों का दूसरा नाम ही **व्याकरण** है।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗) (घ) (✓)

**4. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए–**

**उत्तर–**

| | भाषा | लिपि | | भाषा | लिपि |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | हिंदी | **देवनागरी** | (ख) | संस्कृत | **देवनागरी** |
| (ग) | अंग्रेजी | **रोमन** | (घ) | पंजाबी | **गुरुमुखी** |
| (ङ) | उर्दू | **फारसी** | (च) | मराठी | **देवनागरी** |

**5. निम्नलिखित देशों की भाषाओं का नाम लिखिए–**

**उत्तर–**

| | देश | भाषा | | देश | भाषा |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | चीन | **चीनी** | (ख) | इंग्लैंड | **अंग्रेजी** |
| (ग) | जापान | **जापानी** | (घ) | फ्रांस | **फ्रेंच** |
| (ङ) | इंग्लैंड | **अंग्रेजी** | (च) | भारत | **हिंदी** |
| (छ) | पाकिस्तान | **उर्दू** | (ज) | नेपाल | **नेपाली** |

## 2 वर्ण-विचार

**प्रश्न-अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) बोलने और सुनने वाले ध्वनि चिह्न ही, पढ़ने-लिखने में 'वर्ण' कहलाते हैं। अर्थात् वह ध्वनि जिसके खंड नहीं हो सकते, वर्ण कहलाती है।

(ख) भाषा वर्णों से बनती है। प्रत्येक भाषा में अनेक वर्ण होते हैं। इन वर्णों का एक निश्चित क्रम होता है, जिसे वर्णमाला कहते हैं। अर्थात् वर्णों के एक निश्चित क्रम को वर्णमाला कहते हैं।

(ग) स्वर ग्यारह होते हैं।

(घ) स्पर्श व्यंजनों को पाँच वर्गों में बाँटा गया है–कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग।

(ङ) संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ, श्र है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) जिस ध्वनि के टुकड़े न किए जा सकें, उसे **वर्ण** या **अक्षर** कहते हैं।

(ख) किसी भाषा के समस्त वर्णों के क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

(ग) अं तथा अः को **अयोगवाह** कहा जाता है।

(घ) अनुस्वार का उच्चारण **नाक** से होता है।

(ङ) चंद्रबिंदु को **अनुनासिक** कहते हैं।

(च) 'ड़' व 'ढ़' **अतिरिक्त** वर्ण हैं।

**3. नीचे दिए गए वर्णों पर सही मात्रा लगाते हुए नए शब्दों का निर्माण कीजिए–**

**उत्तर–** (क) ग + द = **गेंद** (ख) क + य + ल = **कोयल**

(ग) त + र = **तारा** (घ) म + ल = **माला**

(ङ) अ + म = **आम** (च) ग + ल + स = **गिलास**

## 3 शब्द और वाक्य

**प्रश्न-अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों का ऐसा मेल जिसका कोई अर्थ निकलता हो, 'शब्द' कहलाता है।

(ख) शब्द के दो भेद होते हैं–1. सार्थक शब्द 2. निरर्थक शब्द।

(ग) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों का समूह वाक्य कहलाता है।

(घ) **वर्ण और शब्द में निम्न अंतर है–**

ध्वनि की वह इकाई जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं, उसे वर्ण कहते हैं; जैसे–आ, म्, क्, ग् आदि। जबकि शब्द दो या दो से अधिक वर्णों के योग से बनाए जाते हैं और इनके टुकड़े किए जा सकते हैं; जैसे–आम = आ + म् + अ, कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ

(ङ) **उद्देश्य और विधेय में संबंध**

वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं।

उद्देश्य के संबंध में जो बात कही जाए, उसे विधेय कहते हैं। जैसे–मोर नाच

रहा है। इस वाक्य में 'मोर' उद्देश्य है तथा नाच रहा है 'विधेय' है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) दो या दो से अधिक वर्णों का सही मेल **शब्द** कहलाता है।

(ख) अर्थ की दृष्टि से शब्द के **दो** भेद होते हैं।

(ग) शब्दों के सही मेल से **वाक्य** बनते हैं।

(घ) उद्देश्य के संबंध में जो बात कही जाए, उसे **विधेय** कहते हैं।

(ङ) वाक्य के **टुकड़े** किए जा सकते हैं।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✓) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✓)

**4. निम्नलिखित शब्दों के क्रम को ठीक करके वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) बच्चे कक्षा में पढ़ रहे हैं।

(ख) मोहन अच्छा लड़का है।

(ग) तोता हरे रंग का होता है।

(घ) शेर जंगल का राजा है।

(ङ) सुगंधा एक छात्रा है।

**5. निम्नलिखित वर्णों को उचित क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) द ल बा = **बादल** (ख) ब ता कि = **किताब**

(ग) ला ब गु = **गुलाब** (घ) ता तो = **तोता**

# 4 संज्ञा

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, अवस्था या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) संज्ञा के तीन भेद होते हैं–1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा 3. भाववाचक संज्ञा।

(ग) किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–रामायण, श्रीकृष्ण, गंगा, आगरा, राधा, मोती आदि।

(घ) किसी प्राणी या वस्तु के गुण-दोष, भाव, दशा या स्वभाव आदि का बोध कराने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे प्रसन्नता सबको अच्छी लगती है, लड़ाई करना बुरी बात है, हमें अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए।

(ङ) जिस संज्ञा शब्द से किसी संपूर्ण जाति का ज्ञान होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–बालक, युवक, स्त्री, पुरुष, पशु, पक्षी, शेर, कुत्ता, मोर, गाय, स्थान, लड़का, लड़की आदि।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) किसी विशेष वस्तु, व्यक्ति, स्थान अथवा भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।

(ख) सभी प्रकार के नामों को **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहा जाता है।

(ग) सभी वस्तुएँ **जातिवाचक संज्ञा** के अंतर्गत आती हैं।

(घ) भाववाचक संज्ञा को केवल **अनुभव** ही किया जा सकता है।

(ङ) ईमानदारी शब्द **भाववाचक** संज्ञा को प्रदर्शित करता है।

(च) संज्ञा **तीन** प्रकार की होती हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) मदर टेरेसा ने जीवन-भर निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की।

(ख) यह भैंस प्रतिदिन आठ किलो दूध देती है।

(ग) बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।

(घ) हमारे घर के सामने मंदिर है।

(ङ) अर्जुन की वीरता के आगे सभी नतमस्तक हो गए।

**4. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए–**

**उत्तर–** (क) पढ़ना = **पढ़ाई** (ख) भला = **भलाई** (ग) वीर = **वीरता**

(घ) गरीब = **गरीबी** (ङ) अच्छा = **अच्छाई** (च) सजाना = **सजावट**

(छ) बुनना = **बुनाई** (ज) चौड़ा = **चौड़ाई**

(झ) ईमानदार = **ईमानदारी** (ञ) प्रसन्न= **प्रसन्नता**

**5. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) ताजमहल – **ताजमहल आगरा में स्थित है।**

(ख) शेर – **शेर जंगल का राजा है।**

(ग) कबूतर – **कबूतर को दाना खाना अच्छा लगता है।**

(घ) लड़ाई – **लड़ाई करना बुरा बात है।**

(ङ) प्रसन्नता – **प्रसन्नता सबको अच्छी लगती है।**

# 5 लिंग

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति होने का पता चले, उसे लिंग कहते हैं।

(ख) लिंग दो प्रकार के होते हैं–1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग।

1. **पुल्लिग**–जो संज्ञा शब्द पुरुष (नर) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिग कहते हैं; जैसे–मोहन अच्छा लड़का है।
2. **स्त्रीलिंग**–जो संज्ञा शब्द स्त्री (मादा) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे–राधा गाना गा रही है।

(ग) **पुल्लिग–**जो संज्ञा शब्द पुरुष (नर) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिग कहते हैं; जैसे–आदमी, लड़का, राजा, पत्थर, मोर, आकाश, सूरज, समुद्र तथा तालाब आदि पुल्लिग शब्द हैं।

(घ) **स्त्रीलिंग**–जो संज्ञा शब्द स्त्री (मादा) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे–राधा,माता, दादी, नर्स, अध्यापिका, बुढ़िया, रानी, पृथ्वी, चाँदी तथा नदी आदि स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग रूप लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बहन = **भाई** (ख) नौकरानी = **नौकर** (ग) श्रीमती = **श्रीमान**
(घ) बुढ़िया = **बूढ़ा** (ङ) गायिका = **गायक** (च) दादी = **दादा**
(छ) वधू = **वर** (ज) छात्रा = **छात्र**

**3. निम्नलिखित वाक्यों में छपे रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मालकिन बगीचे से फूल लाई। (ख) शेरनी ने हिरनी का पीछा किया।
(ग) किताबों के पीछे चुहा है। (घ) दादी जी अखबार पढ़ रही हैं।
(ङ) अध्यापक बालक को पढ़ाता है।

**4. निम्नलिखित पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) दास | (i) | ग्वालिन | (ङ) नर | (v) | वधू |
| (ख) विद्‌वान | (ii) | दासी | (च) पिता | (vi) | नारी |
| (ग) ग्वाला | (iii) | सेविका | (छ) वर | (vii) | गुड़िया |
| (घ) सेवक | (iv) | विदुषी | (ज) गुड्डा | (viii) | माता |

# 6 वचन

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से संज्ञा या सर्वनाम के एक अथवा एक से अधिक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।

(ख) वचन दो प्रकार के होते हैं–

1. **एकवचन**–जिस संज्ञा शब्द से एक वस्तु या प्राणी का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे–पैसा, पुस्तक, पंखा, लड़की, तोता आदि।
2. **बहुवचन**–जिस संज्ञा शब्द से एक से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे–पैसे, पुस्तकें, पंखें, लड़कियाँ, तोते, गुड़ियाँ आदि।

(ग) जिस संज्ञा शब्द से एक वस्तु या प्राणी का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे–पैसा, पुस्तक, पंखा, लड़की, तोता, गुड़िया आदि।

(घ) जिस संज्ञा शब्द से एक से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे–पैसे, पुस्तकें, पंखे, लड़कियाँ, तोते, गुड़ियाँ आदि।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) एक संख्या का बोध कराने वाले शब्दों को **एकवचन** कहते हैं।
(ख) वचन **दो** प्रकार के होते हैं।
(ग) कभी-कभी बहुवचन में **संज्ञा** का रूप नहीं बदलता।
(घ) सीमा के पास **तीन** गुड़ियाँ हैं।

**3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के वचन बदलिए–**

**उत्तर–** (क) आँखें **आँख** (ख) माता **माताएँ** (ग) गाड़ी **गाड़ियाँ**
(घ) घोड़ा **घोड़े** (ङ) गमले **गमला** (च) गधे **गधा**

(छ) गाड़ियाँ **गाड़ी** (ज) मछलियाँ **मछली** (झ) ताले **ताला**

**4. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-से वचन का प्रयोग हुआ है? सामने लिखिए–**

**उत्तर–** (क) एकवचन (ख) एकवचन

(ग) एकवचन (घ) एकवचन

**5. संज्ञा शब्दों के एकवचन रूप का उनके बहुवचन रूप से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–** (क) चूहा → चूहे

(ख) किताब → किताबें

(ग) माला → मालाएँ

(घ) चिड़िया → चिड़ियाँ

(ङ) तितली → तितलियाँ

## 7 कारक

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) क्रिया से सीधा संबंध रखने वाले विभक्ति युक्त पद कारक कहलाते हैं।

(ख) कारक आठ प्रकार के होते हैं–1. कर्ता कारक, 2. कर्म कारक, 3. करण कारक, 4. संप्रदान कारक, 5. अपादान कारक, 6. संबंध कारक, 7. अधिकरण कारक, 8. संबोधन कारक।

(ग) कारक के चिह्नों को 'विभक्ति' या 'परसर्ग' कहा जाता है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) दूध **में** पानी अधिक है। (ख) सौरभ **के लिए** खिलौने लाए हैं।

(ग) मेज **पर** मत चढ़ो। (घ) निधि **ने** नृत्य किया।

(ङ) श्याम **का** घर पास ही है। (च) वृक्ष **पर** पक्षी बैठे हैं।

(छ) उस **का** भाई आया है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में कारक–चिह्नों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) पर्वत <u>से</u> पानी गिरता है। (ख) दरजी <u>ने</u> कैंची <u>से</u> कपड़े <u>को</u> काटा।

(ग) गाय <u>को</u> रोटी दो। (घ) रोहित <u>के</u> पापा अमेरिका गए हैं।

## 8 सर्वनाम

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं; जैसे–मैं, हम, तुम, आप, उसके, वे, वह, उनका, तुम्हारा, तू, यह, वह, ये आदि सर्वनाम शब्द हैं।

(ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं–1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) सब्जी में **कुछ** पड़ा है। (ख) **वे** खेल रहे हैं।

(ग) **यह** मेरी किताब है। (घ) सोहन **क्या** लाया है।

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗) (घ) (✓) (ङ) (✗) (च) (✓)

**4. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मैं, साथ (ख) हम, में (ग) तुम, कहाँ
(घ) तुम्हारी, कहाँ (ङ) जैसा, जो, वैसा (च) आप, कौन

**5. निम्नलिखित सर्वनामों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) **वह** स्कूल जा रही है। (ख) **आप** कहाँ जा रहे हो?
(ग) **उसका** नाम क्या है? (घ) **तुम** क्या कर रहे हो?
(ङ) **वे** स्वयं समझदार हैं।

**6. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **वह** अच्छी लड़की है।
(ख) रोहित के पिता जी ने राहुल से पूछा, "**तुम** क्या कर रहे हो?"
(ग) **वे** आपस में दुश्मन हैं।
(घ) **उसने** अपनी मम्मी से कहा,"**आप** बहुत अच्छी हैं।"
(ङ) उसका नाम विनोद है। **वह** गीता का भाई है।

# 9 विशेषण

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं; जैसे– खट्टी इमली, मीठा आम, गरम चाय, नीला मोर आदि।

(ख) विशेषण जिन संज्ञा या सर्वनामों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं। उदाहरण–सुंदर फूल, मीठा आम, खट्टी इमली में क्रमशः 'सुंदर' शब्द फूल की, 'मीठा' आम की और 'खट्टी' इमली की विशेषता बता रहा है। ये सभी शब्द विशेषण हैं और ये जिनकी विशेषता बता रहे हैं; वे विशेष्य हैं।

(ग) विशेषण पाँच प्रकार के होते हैं–1. गुणवाचक विशेषण 2. संख्यावाचक विशेषण 3. परिमाणवाचक विशेषण 4. संकेतवाचक विशेषण 5. व्यक्तिवाचक विशेषण।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) मुझे **काली** दाल पसंद है। (ख) सेब का रंग **लाल** होता है।
(ग) यह **लाल** गुलाब बहुत सुंदर है। (घ) यह लड़की **एक** घंटे पहले आई थी।
(ङ) उसने **नीली** कमीज पहन रखी है। (च) सड़क पर **कुछ** लोग खड़े हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य अलग-अलग छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | विशेषण | विशेष्य | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | घने | जंगल | (ख) | कुछ | लोग |
| (ग) | दो किलो | दाल | (घ) | मोटी | औरत |
| (ङ) | मीठा | आम | | | |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषणों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) काला घोड़ा बहुत तेज दौड़ा। (ख) वह आदमी बहुत छोटा है।

(ग) लाल फूल सुंदर लग रहा है। (घ) राधा बहुत चालाक है।

(ङ) यह संतरा बहुत मीठा है। (च) मीरा आज बहुत दुखी है।

(छ) मुझे मीठे फल चाहिए। (ज) कौआ बहुत प्यासा था।

(झ) आकाश का रंग नीला है। (ञ) उसकी साड़ी महँगी है।

**5. निम्नलिखित शब्दों से उचित विशेषण बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | दया | **दयालु** | (ख) | लोभ | **लोभी** |
| (ग) | दुख | **दुखी** | (घ) | धर्म | **धार्मिक** |
| (ङ) | प्यास | **प्यासा** | (च) | मास | **मासिक** |
| (छ) | भारत | **भारतीय** | (ज) | गुण | **गुणवान** |
| (झ) | दिन | **दैनिक** | (ञ) | धन | **धनी** |

**6. नीचे कुछ विशेषण दिए गए हैं। चित्रों की सहायता से सही संज्ञा शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | शरारती | **बंदर** | (ख) | बूढ़ी | **दादी** |
| (ग) | पीला | **आम** | (घ) | चार | **बोतल** |
| (ङ) | लाल | **साड़ी** | (च) | गरम | **पानी** |
| (छ) | दो | **लड़की** | (ज) | टूटा | **गिलास** |

# 10 क्रिया

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का पता चले, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे–राधा पुस्तक पढ़ती है। इस वाक्य में 'पढ़ती है' क्रिया है।

(ख) क्रिया मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है–1. सकर्मक क्रिया तथा 2. अकर्मक क्रिया।

(ग) **सकर्मक क्रिया**–जिन क्रियाओं के साथ कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं; जैसे–सोनिया पुस्तक पढ़ती है।
**प्रश्न–**सोनिया क्या पढ़ती है? **उत्तर–**सोनिया पुस्तक पढ़ती है।
'क्या' प्रश्न करने पर 'पुस्तक' उत्तर मिला।
अतः क्रिया 'पढ़ती है', कर्म सहित अर्थात् सकर्मक है।

(घ) **अकर्मक क्रिया**–जिन क्रियाओं का कोई कर्म न हो, वह अकर्मक क्रिया कहलाती है; जैसे–बच्चा रोता है।
**प्रश्न–**क्या रोता है? **उत्तर–** ✗
यहाँ उत्तर में कर्म प्राप्त नहीं होता।
यहाँ पर क्रिया में कर्म नहीं है। अतः 'रोता है' क्रिया अकर्मक है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया पदों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) बच्चा खेलता है। (ख) सीमा रोती है। (ग) पत्ते झड़ते हैं।

(घ) मैं मंदिर जाती हूँ। (ङ) कोयल कूकती है। (च) फल गिरते नहीं हैं।

(छ) मैं खाना खाती हूँ।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया सकर्मक या अकर्मक है, लिखिए–**


**उत्तर–** (क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) सकर्मक

(घ) अकर्मक (ङ) सकर्मक (च) अकर्मक

(छ) सकर्मक (ज) अकर्मक (झ) सकर्मक

**4. निम्नलिखित क्रियाओं को संबंधित चित्रों को देखकर उनके नीचे लिखिए–**

**उत्तर–** (क) 
दौड़ना

(ख) 
खेलना

(ग) 
गाना

(घ) 
रोना

(ङ) 
हँसना

(च) 
पढ़ना

# 11 काल

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं।

(ख) काल के तीन भेद होते हैं–1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल

(ग) क्रिया का वह रूप जो कार्य के बीते हुए समय में होने का बोध कराता है, भूतकाल कहलाता है; जैसे–कृष्ण ने कंस को मारा, राधा ने गाना गाया आदि।

(घ) क्रिया का वह रूप जो यह बताता है कि कार्य वर्तमान समय में हो रहा है; वर्तमान काल कहलाता है; जैसे–मोर नाच रहा है, राम स्कूल जा रहा है आदि।

(ङ) क्रिया का वह रूप जो कार्य के आने वाले समय में होने का बोध कराता है, भविष्यत् काल कहलाता है; जैसे–मैं तुम्हारे घर जरूर आऊँगा, वह कल दिल्ली जायेगा आदि।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में किस काल का प्रयोग हुआ है? लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भूत काल (ख) भविष्यत् काल (ग) भूत काल

(घ) वर्तमान काल (ङ) भूत काल (च) वर्तमान काल

(छ) भूत काल (ज) भविष्यत् काल

**3. निम्नलिखित वाक्यों को तीनों कालों में लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मधु पढ़ रही थी। (ख) कोयल गा रही है।

मधु पढ़ रही है।
मधु पढ़ेगी।

कोयल गा रही थी।
कोयल गायेगी।

(ग) राधा हँस रही है।
राधा हँस रही थी।
राधा हँसेगी।

(घ) हम कल मेला देखने गए थे।
हम कल मेला देखने जाएँगे।
हम मेला देख रहे हैं।

(ङ) बच्चे ने कल फूल तोड़ दिया।
बच्चा कल फूल तोड़ेगा।
बच्चे ने कल फूल तोड़ा था।

(च) सौरभ कल नेपाल जाएगा।
सौरभ नेपाल जा रहा है।
सौरभ कल नेपाल गया था।

**4. निर्देशानुसार क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) मालिन फूल चुन रही है। (ख) मोहित दिल्ली गया था।
(ग) मधु खाना बनाएगी। (घ) उसने कल कपड़े खरीदे थे।
(ङ) हमने पुस्तक पढ़ ली थी। (च) वह भाषण देगा।

# 12 विलोम शब्द

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों के द्‌वारा विपरीत अर्थ को बोध हो, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।
(ख) विलोम शब्द का दूसरा नाम 'विपरीतार्थक शब्द' है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) अधर्म पर हमेशा **धर्म** की जीत होती है।
(ख) सूर्य पूरब से उदय होता है और पश्चिम में **अस्त** होता है।
(ग) बड़ों का हमेशा आदर करना चाहिए न कि **अनादर**।
(घ) हमारी मौखिक परीक्षा तो हो चुकी है, अब **लिखित** परीक्षा की बारी है।
(ङ) रीता छोटी और रीमा **बड़ी** बहन है।

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | देशी | **विदेशी** | (ख) | उन्नति | **अवनति** |
| (ग) | निडर | **डरपोक** | (घ) | धूप | **छाया** |
| (ङ) | प्रकाश | **अंधकार** | (च) | जीवन | **मरण** |
| (छ) | सच्चा | **झूठा** | (ज) | खरीदना | **बेचना** |
| (झ) | काला | **गोरा** | (ञ) | पाप | **पुण्य** |

**4. निम्नलिखित शब्दों को उनके विलोम शब्दों से मिलाइए–**

**उत्तर–**

| | **शब्द** | | **विलोम** | | **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | गोरा | (i) | नरक | (ख) | अमृत | (v) | पाताल |
| (ग) | लाभ | (ii) | विक्रय | (घ) | जीत | (vi) | दुख |
| (ङ) | क्रय | (iii) | काला | (च) | आकाश | (vii) | हार |
| (छ) | स्वर्ग | (iv) | हानि | (ज) | सुख | (viii) | विष |

## 13 पर्यायवाची शब्द

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।
(ख) पर्यायवाची शब्दों को हम समानार्थी शब्द के नाम से भी जानते हैं।

**2. निम्नलिखित शब्दों के उचित पर्यायवाची शब्द पर गोला (◯) बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पानी | – | जलद | जल | सदन |
| (ख) | सूरज | – | पवन | चक्षु | रवि |
| (ग) | पेड़ | – | तरु | घन | लता |
| (घ) | बंदर | – | कुसुम | कपि | दृग |
| (ङ) | तालाब | – | सरोवर | सागर | भारी |
| (च) | फूल | – | अंबर | धरा | पुष्प |

**3. समान अर्थ वाले शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मनुष्य | पहाड़ |
| (ख) | चंद्रमा | अनल |
| (ग) | बगीचा | मानव |
| (घ) | आग | जननी |
| (ङ) | माता | शशि |
| (च) | पर्वत | बाग |

## 14 वाक्यांश के लिए एक शब्द

### प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | जो मांस खाता हो | गायक |
| (ख) | जो कपड़े सिलता है | किसान |
| (ग) | जो गाना गाता है | बढ़ई |
| (घ) | जो सेना में काम करता है | मांसाहारी |
| (ङ) | जो खेती करता है | दरज़ी |
| (च) | लकड़ी का काम करने वाला | सैनिक |

**2. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) नागरिक (ख) अस्पताल (ग) फेरी वाला (घ) लुहार
(ङ) खानसामा (च) हलवाई (छ) वार्षिक

**3. निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) जो पर्यटन करता हो। (ख) दूसरों का उपकार मानने वाला।
(ग) न्याय करने वाला। (घ) ईश्वर को मानने वाला।
(ङ) कम खाने वाला। (च) जो आँखों के सामने हो।
(छ) स्वयं का हित देखने वाला। (ज) अधिक बोलने वाला।

## 15 अव्यय

**प्रश्न-अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों में लिंग, वचन, पुरुष, काल आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय शब्द कहा जाता है।

(ख) अव्यय शब्द चार प्रकार के होते हैं–1. क्रिया-विशेषण 2. संबंधबोधक 3. संयोजक 4. विस्मयादिबोधक।

(ग) **संबंधबोधक अव्यय**–जो अव्यय शब्द संज्ञा या सर्वनाम का संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ जोड़ते हैं, वे संबंधबोधक अव्यय कहलाते हैं; जैसे–

(क) राम के साथ सीता वन को गईं।

(ख) घर के अंदर छिपकर क्यों बैठे हो?

(घ) **विस्मयादिबोधक अव्यय**–वे अव्यय शब्द जो घृणा, हर्ष, विम्य, दुख आदि मन के भावों को प्रकट करते हैं विम्यादिबोधक अव्यय कहलाते हैं; जैसे–'हाय', 'आह'! वाह! हे, अरे, ओह, राम-राम, बाप रे, हट, जी हाँ, अरे, अजी, हो, रे आदि विस्मयादिबोधक अव्ययहैं।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) वायु **तेज** बहती है।

(ख) अलमारी के **ऊपर** पुस्तकें रखी हैं।

(ग) **वाह!** तुमने तो कमाल कर दिया।

(घ) घोड़ा बहुत **तेज** भागता है।

(ङ) पाँच **और** पाँच दस होते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) यहाँ (ख) छिः! छिः! (ग) भीतर

(घ) अतिरिक्त (ङ) अथवा

**4. निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) और **सीता और राधा सहेली हैं।**

(ख) अरे! **अरे! यह आम तो सड़ गया है।**

(ग) सामने **मेरे घर के सामने कूड़ा मत डालो।**

(घ) अथवा **तीसरा अथवा चौथा प्रश्न हल कीजिए।**

## 16 वाच्य

**प्रश्न-अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

उत्तर– (क) वाच्य क्रिया का एक ऐसा रूप होता है जिससे हमें पता चलता है कि वाक्य में कर्ता प्रधान है या कर्म अथवा भाव। इसमें क्रिया के लिंग तथा वचन उसी के अनुसार ही होते हैं।

(ख) वाच्य के तीन भेद होते हैं–1. कर्तृवाच्य 2. कर्मवाच्य 3. भाववाच्य।

(ग) **कर्तृवाच्य**–जिस वाक्य में क्रिया का संबंध कर्ता से होता है, वह कर्तृवाच्य कहलाता है। इसमें लिंग व वचन कर्ता के अनुसार ही होते हैं; जैसे–

(क) दरज़ी कपड़े सिलता है। (ख) वह नहाता है।

(ग) खरगोश तेज भागता है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए–**

**उत्तर–** (क) विशाल के द्वारा घर जाया जा रहा है।

(ख) धोबी के द्वारा कपड़े धोये जा रहे है।

(ग) राम के द्वारा रावण को मारा गया।

(घ) संगीता के द्वारा चित्र बनाया जा रहा है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के वाच्य दी हुई पंक्तियों में लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भाववाच्य (ख) कर्तृवाच्य (ग) कर्मवाच्य

(घ) कर्तृवाच्य (ङ) कर्मवाच्य (च) कर्तृवाच्य

**4. निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य में बदलिए–**

**उत्तर–** (क) मुझसे रोया नहीं जाता।

(ख) सुनील से विद्यालय जाया नहीं जाता।

(ग) उससे कहानी पढ़ी नहीं जाती।

(घ) बच्चे से अब थोड़ा-थोड़ा चला जाता है।

(ङ) रिया से सोया नहीं जाता।

**5. निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृवाच्य में बदलिए–**

**उत्तर–** (क) माली सब्जी उगाता है। (ख) बच्चे मिठाई नहीं खाते हैं।

(ग) माँ दूध पिलाती है।

# 17 मुहावरे

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित मुहावरों का उनके अर्थ से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–** (क) ईद का चाँद होना — बहुत दिनों के बाद दिखाई देना

(ख) नौ दो ग्यारह होना — भाग जाना

(ग) धूम मच जाना — ख्याति प्राप्त होना

(घ) अंधे की लाठी — एकमात्र सहारा

**2. सही अर्थ चुनकर मुहावरों के सामने लिखिए–**

**उत्तर–** (क) गुस्सा होना (ख) बहुत शोर मचाना (ग) बीमार होना

(घ) निरक्षर होना (ङ) बहुत भूख लगना

**3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित मुहावरे लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कान भरना (ख) हाथ फैलाना (ग) आँखों का तारा

(घ) दाँत खट्टे करना (ङ) पीठ ठोकना

## प्रश्न-अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) पत्र अपनी बातों या विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का एक सरल माध्यम होता है। पत्र द्वारा हम अपने विचारों को लिखकर आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।

(ख) पत्र लिखते समय हमें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए–

1. पत्र की भाषा सरल होनी चाहिए।
2. पत्र अधिक लंबा नहीं होना चाहिए।
3. पत्र की विषय-वस्तु स्पष्ट होनी चाहिए।

**(ग) पिता का स्वास्थ्य जानने हेतु पत्र**

82, जवाहर गंज
दिल्ली
दिनांक : .......
आदरणीय पिता जी,
सादर नमस्कार,
मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ और ईश्वर से आप सभी की कुशलता की कामना करता हूँ। माता जी के पत्र से ज्ञात हुआ था कि आपका स्वास्थ्य आजकल कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुझे इस बारे में सुनकर बहुत चिंता हो रही है। कृपया अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखिए ओर पत्र के द्वारा अपने स्वास्थ्य के विषय में बताइए। शेष अगले पत्र में।
आपका स्नेही पुत्र
भरत

**(घ) परीक्षा में कम अंक लाने पर अपने मित्र को सुझाव पत्र**

सी-11, सांकेत,
देहरादून
दिनांक : ...........
प्रिय मित्र,
सप्रेम नमस्कार,
बड़े भइयाँ के पत्र से ज्ञात हुआ कि तिमाही परीक्षा में तुम्हारे अंक अपेक्षा से कम रह गए। जिसके कारण तुम बहुत दुःखी हो। मित्र में जानता हूँ कि तुम कुशाग्र बुद्धि हो और उचित परिश्रम करने पर अच्छे अंक ला सकते हो। इसके लिए मेरा सुझाव यही है कि तुम अपने समय को नियोजित करो जिससे कि तुम्हारा सारा कार्य समय पर समाप्त हो जाये और तुम्हें अपने पाठों को

दोहराने का पर्याप्त समय मिल जाये। आशा करता हूँ कि तुम मेरी सलाह का पालन करोगे और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करोगे। चाचा चाची को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा अभिन्न मित्र

रोहित

**2. निम्नलिखित विषयों पर प्रार्थना-पत्र लिखिए–**

**उत्तर– (क) अस्वस्थ होने के कारण विद्यालय आने में असमर्थ होने के कारण प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र

सेवा में,

श्रीमान प्रधानाचार्य जी,

टैगोर शिक्षा सदन,

दिल्ली।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि कल रात से मुझे तेज बुखार है। अस्वस्थ होने के कारण मैं विद्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हूँ। अतः आप मुझे दिनांक .......... से ....... तक दो दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद,

आपका आज्ञाकारी शिष्य

राहुल

दिनांक : .......... कक्षा-2 'A'

## 19 कहानी-लेखन

**प्रश्न-अभ्यास**

**निम्नलिखित शीर्षकों पर कहानियाँ लिखिए–**

**उत्तर– (ख) खरगोश और कछुआ**

एक खरगोश और एक कछुआ था। दोनों अच्छे दोस्त थे। कछुआ हमेशा धीरे-धीरे चलता था। उसकी धीमी चाल पर खरगोश अकसर हँसी उड़ाता रहता था। एक दिन दुखी होकर कछुए ने कहा–कल हमारी और तुम्हारी दौड़ हो ही जाए।

अगले दिन सुबह दौड़ शुरू हो गई। दोनों को जीतने के लिए दूर खड़े एक पेड़ के पास पहले पहुँचना था। खरगोश तेजी से भागा। कछुए ने धीरे-धीरे चलना शुरू किया। खरगोश काफ़ी आगे निकल गया। उसने सोचा–कछुआ अभी बहुत पीछे हैं, मैं थोड़ी देर आराम कर लेता हूँ। यह सोचकर वह एक पेड़ के नीचे आराम करने लगा। उसे नींद आ गई।

इस बीच कछुआ धीरे-धीरे चलते हुए आगे निकल गया। उसने पेड़ तक पहुँचकर ही दम लिया। अचानक खरगोश की नींद टूटी तो वह भी भागा। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कछुआ दौड़ जीत चुका था।

**शिक्षा** : धीरे-धीरे परंतु लगातार चलने वाले की हमेशा जीत होती है।

**(घ) घमंडी बारहसिंगा**

गर्मियों के दिन थे। एक बारहसिंहे को प्यास लगी। वह एक तालाब में पानी पीने गया। उसने पानी में देखा। उसे अपने सुंदर सींग दिखाई दिए। वह खुश हो गया। फिर उसने अपने पैरों को देखा। वे पतले और भद्दे थे। इन्हें देखकर उसे बहुत दुःख हुआ।

एक दिन एक शिकारी आया। बारहसिंहा जान बचाने के लिए भागा। रास्ते में उसके सींग झाड़ियों में उलझ गए। उसने सींगों को छुड़ाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया। इतने में एक शिकारी आ गया। उसने बारहसिंहे को पकड़ लिया।

उसके भद्दे पैर उसकी जान बचाना चाहते थे, परंतु अपने सुंदर सींगों के कारण वह पकड़ा गया।

**शिक्षा** : सुंदर दिखाई देने वाली हर चीज अच्छी नहीं होती।

## 20 निबंध-लेखन

### प्रश्न-अभ्यास

- **निम्नलिखित शीर्षकों पर निबंध लिखिए–**

**उत्तर– (क) महात्मा गांधी**

गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 में गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। गांधी जी को आरंभ की शिक्षा घर पर ही मिली थी। वकालत पढ़ने के लिए वे इंग्लैंड गए। अंग्रेजों के द्वारा भारतवासियों का अपमान इन्होंने कभी भी सहन नहीं किया। देश को गुलामी से आजाद कराने के लिए इन्होंने अपना तन-मन-धन लगा दिया। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया। वह 'सादा जीवन उच्च विचार' को मानने वाले थे। गांधी जी की मृत्यु 30 जनवरी, 1948 को हुई थी। जब तक यह संसार रहेगा, गांधी जी का नाम अमर रहेगा।

**(ख) हमारा विद्‌यालय**

हमारे विद्यालय का नाम मॉडर्न पब्लिक स्कूल है।
यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा पाँच तक है।
हमारे विद्यालय का भवन बहुत बड़ा है।
इसके बीच में एक सुंदर बगीचा है।
हमारे विद्यालय में खेल का मैदान भी है।
विद्यालय के भवन में पच्चीस कमरे हैं।

इसके सभी कमरों में हवा तथा रोशनी की उचित व्यवस्था है।
हमारे विद्यालय में तीस अध्यापक हैं।
सभी शिक्षक हमें प्रेम से पढ़ाते हैं।
श्री नरेंद्र कुमार हमारे विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं।
हमारे विद्यालय में एक हजार तीस छात्र पढ़ने आते हैं।
विद्यालय में एक पुस्तकालय भी है।
इस पुस्तकालय में बड़ी संख्या में रोचक, मनोरंजक और शिक्षाप्रद पुस्तकें हैं।
हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद भी होते हैं।
हमें अपने विद्यालय पर गर्व है। यह हमें बहुत अच्छा लगता है।